## एक नजर

### भाजपा कमाल की वाशिंग मशीन : चंपाई सोरेन

रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक खबर के हवाले से कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे 25 नेता भाजपा में शामिल हुए और चमत्कार देखिए, उनमें से 23 को तत्काल राहत मिल गई। चंपाई ने कहा कि वाकई भाजपा कमाल की वाशिंग मशीन है, जिसने भ्रष्टाचार के आरोपों एवं पापों को धोने में गंगा मइया को भी पीछे छोड़ दिया है।

### ईडी ने की पूर्व मंत्री योग्रेंद्र साव से पूछताछ

रांची। रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पूर्व मंत्री योग्रेंद्र साव बुधवार को पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ की। इससे पहले, सीओ शशिभूषण से ईडी ने मंगलवार को पूछताछ की थी। शशिभूषण का कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के पूरे परिवार से अच्छा संबंध रहा है। शशि भूषण ने कई जमीनों पर कब्जे के लिए अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र प्रसाद की मदद की थी। इसी वजह से अंबा के करीबी शशिभूषण के साथ-साथ दूसरे करीबियों के यहां भी ईडी ने छापेमारी की थी।

### भोला साहू की अंतिम संस्कार में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

चान्हो। सिलागाई के रहने वाले मिलानसार समाजसेवी भोला साहू की आकस्मिक निधन की खबर सुनते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत मृतक के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने परिवारजनों को ढांढस बंधाया और हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाया। डॉ परमेश्वर भगत ने दुख जताते हुए कहा की हमलोगो ने एक अच्छे मिलन सार सभी समाज से ताल्लुक रखने वाले समाजसेवी को खोया है।

### अटल स्मृति वेंडर मार्केट में चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

रांची। राजधानी रांची में स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। बुधवार को अटल स्मृति वेंडर मार्केट में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों से चुनाव से संबंधित सवाल पूछे गए और सही जवाब देने वालों को उपहार दिया गया। लोगों को बताया गया कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को वोट डाले जाएंगे। निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए उपयोगी एप्स के बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने किया भूमि पूजन

रांची। राजधानी रांची के भुतहा तालाब स्थित श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से चैती दुर्गा पूजा और चैत्र नवरात्र को लेकर पंडाल निर्माण के कार्य का शुभारंभ बुधवार को पूजा-अर्चना के साथ शुरू हुआ। पूजा के सभी अनुष्ठान मंदिर के पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने किया। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि इस साल पहले से बड़ा और आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जाएगा। मां दुर्गा की बड़ी प्रतिमा स्थापित कर पूजा धूमधाम से की जाएगी।

## झामुमो राहे प्रखंड समिति का हुआ पुनर्गठन, अध्यक्ष बने संदीप अहीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने बुधवार को राहे प्रखंड समिति का पुनर्गठन करते हुए संदीप अहीर को अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। मौके पर रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा, संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राहे प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया है। आशा करता हूं कि सभी पदाधिकारी पार्टी संविधान के दायरे में रहकर संगठन को मजबूत बनाएंगे। साथ ही, सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नवगठित झामुमो राहे प्रखंड समिति इस प्रकार है - अध्यक्ष : संदीप अहीर, उपाध्यक्ष : रामेश्वर मुंडा, मोतीलाल महतो एवं उपेंद्र उरांव, सचिव : सोनाराम मुंडा, कोषाध्यक्ष : लखन मुंडा, सह कोषाध्यक्ष : परेश मुंडा, संयुक्त सचिव : जनार्दन अहीर तथा कार्यकारिणी सदस्य : मनीजर लोहरा, विसंबर उरांव, हीरालाल पातर एवं रामसिंह मुंडा।

### बीएयू में धारा 144 लागू

**रांची।** कांके स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में धारा 144 लगा दी गई है। यह निषेधाज्ञा बुधवार की शाम 7:00 बजे से एक सप्ताह तक लागू रहेगा। इसका आदेश अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर ने जारी किया। बीएयू स्थित कुलपति आवास में विद्यार्थियों द्वारा तोड़फोड़, उपद्रव आदि किए जाने की सूचना है। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) के आदेश के आलोक में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा दंप्रसं की धारा-144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में निषेधाज्ञा जारी की गई है।

# कड़ी मेहनत से ही सफलता संभव : डॉ परमेश्वर भगत



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

चान्हो प्रखंड अंतर्गत पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने आज कई स्कूलों में जाकर 9वी,10वीं और 11वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को पढ़ाई का महत्व को बताया। श्री भगत ने बच्चों को कहा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत के अलावे कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अगर आप अभी अपने समय को सही इस्तेमाल करते हुए अपनी पढ़ाई में कड़ी मेहनत करते हैं तो आने वाले भविष्य में आपके लिए कई दरवाजे खुले रहेंगे। एक शिक्षित व्यक्ति हमेशा सम्मानजनक जीवन यापन करता है। आप सभी एक अच्छी संगति एवं अनुशासित रहते हुए खूब मेहनत करें और उच्च से उच्च पदों को सुशोभित करते हुए मां-बाप के अलावे समाज, राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते है। अंत में डॉ परमेश्वर भगत ने विद्यालय के प्रधानाचार्य और अन्य शिक्षको के साथ पढ़ाई लिखाई और सुदृढ़ ढंग से कैसे हो इस बिंदु पर मंत्रणा/विचार विमर्श किया।

## उपायुक्त और एसएसपी ने लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक, दिए कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता बेड़ो/रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बेड़ो प्रखंड कार्यालय के सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सभी संबंधित सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और निर्वाचन से संबंधित सभी पदाधिकारियों को चुनाव से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने निर्वाचन से संबंधित सभी पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन एवं संपादन के लिए चुनाव आयोग के दिए दिशा-निर्देश के अनुसार बूथों पर शौचालय, बिजली, पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराएं। उपायुक्त ने



एएसडी सूची त्रुटि रहित तैयार करनेके लिए विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि इसकी पुनः समीक्षा करते हुए जिस बूथों पर मृत्त मतदाता की संख्या 75 से अधिक हो, वैसे बूथों का बीएलओ, सुपरवाइजर के माध्यम से सत्यापन हर हाल में सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त ने बूथ अवेयरनेस ग्रुप के गठन के बाद जागरूकता कार्यक्रम को पूर्ण रूप से क्रियान्वित करने के लिए प्रत्येक बूथ के 33 सदस्यीय दल का नाम एवं मोबाइल संख्या सुनिश्चित रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी संबंधित सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा है कि चुनाव को सुगमता पूर्वक एवं त्रुटि रहित कराने के लिए चुनाव में संलग्न मतदान दलों को मतदान केंद्रों तक सुगमता पूर्वक एवं सुरक्षित पहुंचाना अहम जिम्मेदारी है, जिसके लिए मतदान केंद्रों का रुट प्लान स्पष्ट एवं सुलभ होना चाहिए। इस संबंध में सभी मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए यह सुनिश्चित करें कि मतदान के दिन मतदान दलों को मतदान केंद्र तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वह ससमय मतदान केंद्रों में सुरक्षित रूप से पहुंच जाएं, उनकी सुरक्षा काफी अहम है।

## रांची डीसी और एसएसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के सुदूर ग्रामीण इलाकों के कई स्कूलों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर हर तरह की व्यवस्था की जा रही है। अधिक से अधिक वोट डलवाने के लिए डीसी और एसएसपी लगातार वहां का दौरा कर रहे हैं। रांची के बेड़ो प्रखंड के लाखो इलाके के कई स्कूलों में बुधवार को डीसी और एसएसपी खुद पहुंचे और मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान वहां कई बच्चे मिले, जिनसे एसएसपी ने पढ़ाई को लेकर कई सवाल पूछे, जिसका बच्चों ने सही जवाब दिया। इसके बाद एसएससी की ओर से बच्चों को पुरस्कार के रूप में चॉकलेट दी गई। एसएसपी ने बच्चों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने माता-पिता को बताएं कि वे मतदान अवश्य करें, वे निर्भय होकर मतदान करें।

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के संबंध में एसएसपी ने कहा कि राजधानी में अब नक्सल प्रभावित इलाके नहीं के बराबर हैं। कुछ जगहों पर उग्रवादियों के टूटे हुए गुटों का प्रभाव जरूर है, लेकिन वे किसी भी तरह से चुनाव को प्रभावित नहीं कर पाएंगे। इनके खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। लापुंग, बेड़ो, बुढ़मू और चान्हो जैसे इलाकों में सक्रिय कुछ उग्रवादियों को हाल ही में गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है।

रांची पुलिस हर दिन किसी सुदूर ग्रामीण इलाके को चिह्नित कर वहां का दौरा कर रही है। इस दौरान उन इलाकों में सुरक्षा में तैनात जवानों का उत्साह और मनोबल बढ़ाया जा रहा है। साथ ही, ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें वोट डालने के लिए किसी भी तरह का भय या प्रलोभन तो नहीं दिया जा रहा है, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

## आईएचएम रांची में 23वें रोजा के मौके पर इफ्तार पार्टी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

प्रखंड स्थित ब्राम्बे के इंस्टीट्यूट ऑफ होटेल मैनेजमेंट में बुधवार को रमजान-उल-मुबारक के 23वें रोजा के मौके पर दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन संस्थान के छात्रों द्वारा प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार की अगुवाई में की गयी। इस दौरान ब्राम्बे, मुड़मा, मांडर प्रखंड एवं संस्थान के आसपास के क्षेत्रों के दर्जानों रोजेदार इफ्तार पार्टी में सम्मलित हुए । रोजा खोलने से पहले उपस्थित सभी रोजेदारों ने देश के साथ साथ अपने आसपास के क्षेत्रों में अमन एवं खुशहाली की दुआ भी की। तत्पश्चात संस्थान में पकाई गयी मुर्ग बिरयानी, कटहल बिरयानी, तंदूरी चाय, रूह अफजा के साथ साथ विभिन्न प्रकार के भोजन प्रस्तुत किया गया। जिसका सभी ने लुफ्त उठाया एवम काफी सराहा भी। इस दौरान मांडर थाना प्रभारी श्री राहुल, एमडी सोहेल, आरिफ हसन, आबिद अंसारी, अफताब आलम, इरफान अंसारी, इरशाद, संस्थान के छात्र एवम अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

इस दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने सभी रोजेदारों का संस्थान में उपस्थित होने हेतु अभिवादन भी की।

## सड़क हादसे में कई घायल, बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर

**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो/मांडर**

प्रखंड क्षेत्र के कई स्थानों पर बुधवार को हुई सड़क हादसे में चार लोग घायल हो गए। प्रथमिक उपचार के बाद सभी रिम्स रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहली घटना एन - एच 39 मुख्य पथ पर स्थित मांडर बाजारटांड के निकट मिट्टी की बर्तन की दुकान से बर्तन लेने में हुई है। इस हादसे में कुडू बरवा टोली निवासी उपेन्द्र प्रशाद के परिवार के पांच लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि उपेंद्र प्रसाद अपने परिजनों के साथ रांची से वापस अपने घर लौट रहे थे। अपनी बोलरो से कुछ लोग उतरकर सड़क के किनारे ही घड़ा खरीद रहे थे जबकि परिवार के कुछ लोग गाड़ी में ही बैठे थे। इसी बीच पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक के चेचिस ने इनकी बोलेरो को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाईस वर्षीय पल्लवी कुमारी और




छत्तीस वर्षीय लूसी देवी को गंभीर चोटें आई जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्यों को हल्की चोटें लगी। रेफरल अस्पताल मांडर में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु पल्लवी व लूसी को रिम्स रेफर किया गया जबकि मामूली रूप से घायल लोगों को मांडर रेफरल अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। यह परिवार रेलवे का स्टाफ बताया जा रहा है। घटना के बाद दोनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया वहीं चेचिस का ड्राइवर मौके से भागने में सफल रहा। दूसरी घटना मांडर टांगरबसली पथ पर नारे पेट्रोल पंप के निकट की है। सुबह लगभग 7:00 बजे रातू थाना के मुर्चो निवासी उन्नीस वर्षीय राम उरांव असंतुलित होकर बाइक से गिर गया। इस हादसे में उसके बाएं पैर की हड्डी टूट गई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे भी चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। तीसरी घटना चान्हो थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर के निकट की है।

## व्यवस्था | बीडीओ ने एक साथ 16 बूथों का किया निरीक्षण

# मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**

मतदान केंद्रों में आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार ने सुबह 6.30 बजे से प्रखंड के 16 मतदान केंद्रों यथा - राजकीय मध्य विद्यालय मामा भगिना, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरापानी, रा.मध्य विद्यालय लंबोई, धनुर्जय सिंह देव उच्च विद्यालय लंबोई, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलिगा, आंगनबाड़ी केंद्र चिरोटांड़, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय टीनगिना, राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढोढ़ीबाहर, एस.एस. प्लस टू हाई स्कूल जलडेगा, राजकीय मध्य विद्यालय लमड़ेगा, राजकीय मध्य विद्यालय टंगिया, राजकीय मध्य विद्यालय केलुगा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय भंडारटोली केलुगा, राजकीय मध्य विद्यालय हुटुटुआ, आरसी मिडिल स्कूल भीतबुना, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनजोगा आदि क्लस्टरो का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ ने मतदान करने हेतु आने वाले मतदाताओं को किसी तरह की असुविधा ना हो इसके लिए मतदान केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, प्रकाश हेतु बिजली, पंखा, महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग शौचालय तथा आवश्यक फर्नीचर इत्यादि की उपलब्धता का जांच किया और उन्हें समय रहते दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित शिक्षकों को और संबंधित पंचायत के पंचायत सचिवों को दिया।

### इस बार मतदान केंद्रों में क्या-क्या होगी सुविधा

जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि इस बार आसन्न लोकसभा चुनाव को पर्व की भांति मनाने का निर्देश मुख्य निर्वाचन आयुक्त के द्वारा दिया गया है। इस बार मतदान केंद्रों में लोगों के लिए छाया की सुविधा, पेयजल, शौचालय महिला पुरुष के अलग-अलग, क्यू सिस्टम जिसमें महिला और पुरुष दोनों के अलग-अलग कतारो में रहेंगे, दिव्यांग और 80 साल से अधिक आयु वाले वोटर को लाइन में लगने की जरूरत नहीं होगी ऐसे लोग सीधे मतदान कर सकेंगे। मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसलिए इस बार सभी मतदान केंद्रों में अलग से हेल्प डेस्क भी रहेगा जिसमे संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ मौजूद रहेंगे।

## मतदान केंद्र पर दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं को मिलेगी विशेष सुविधा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 36 व 37 उड़िया मध्य विद्यालय मोहननगर तथा मतदान केंद्र संख्या 45 आंगनबाड़ी केंद्र भवन मोहननगर का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं शौचालय, पेयजल, रैंप आदि का जांच किया गया। मतदान केंद्र क्षेत्र अंतर्गत दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं से मिल कर मतदान केंद्र पर दिव्यांग तथा वरिष्ठ मतदाताओं को दी जानेवाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। इसके बाद प्रखंड सभागार में सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ दिव्यांग तथा वरिष्ठ मतदाता, अनुपस्थित, स्थानांतरित व मृत मतदाता तथा मतदाता जागरूकता समूह से संबंधित समीक्षा बैठक किया गया। इस बैठक में आदित्यनाथ झा, विनयकुमार गुप्ता, असित कुमार, रमेशकुमार गुप्ता, प्रेमचंद मुर्मू, प्रवीण उरांव, महावीर महतो, परीक्षित महतो, पूसा मुंडा, लूसी बाड़ा, भरतकुमार राम, जयवीर यादव, पद्मावती देवी व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### खलारी के नए थाना भवन के लिए किया गया ले-आउट



**खलारी।** खलारी के नए थाना भवन के लिए बुधवार को ले-आउट किया गया। खलारी बैंक चौक से उत्तर भू-भाग में पूर्व में चयनित स्थान पर भवन झारखंड पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के सहायक अभियंता था कनीय अभियंता अमित कुमार ने निर्माण के लिए ले-आउट कराया। बताया गया कि थाना का माडल भवन बनेगा। बाद में पुलिसकर्मियों का आवास बनेगा तथा चारदीवारी की जाएगी। इस मौके पर पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी खलारी विजयकुमार सिंह, संवेदक रमेश्वर सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिलकुमार पासवान, पप्पू सिंह, गोपाल सिंह आदि उपस्थित थे।

### जीआरपी मुरी ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मुरी।** राजकीय रेल थाना मुरी ने चोरी के आरोप में दिवाकर महतो, उम्र 21 वर्ष, पिता चमन महतो ग्राम रोला, पोस्ट मगनपुर, थाना गोला, जिला रामगढ़ को कांड संख्या 2/2024 धारा 379 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर पुलिस ने उपरोक्त कांड में चोरी किया गया एक एप्पल कंपनी का आईफोन, एक वनप्लस आईफोन, एक एयरफोन, एक लेडिस हैंडबैग, दो मोबाइल चार्जर, वीलपेपर, एक कुमकुम बातिली, हाथ से बजाने वाला झाल, एक चश्मा डब्बा सहित, वादिनी का आधार कार्ड एवं मंगलसूत्र को बरामद कर लिया। बताते चले की 19 -20 फरवरी 2024 को रात्रि में उक्त अभियुक्त के द्वारा रामगढ़ रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन बनारस विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में चढ़कर पीड़ित का हैंडबैग चुरा कर भाग गया था।

### मारवाड़ी सम्मेलन सिल्ली की एकदिवसीय करियर काउंसलिंग का आयोजन आज

**सिल्ली/मुरी।**-सिल्ली प्रखंड अंतर्गत 4 अप्रैल को मारवाड़ी सम्मेलन सिल्ली शाखा के सौजन्य से मैट्रिक पास छात्र-छात्राओं को आने वाले भविष्य में पढ़ाई के लिए एकदिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन सिल्ली पॉलिटेक्निक कॉलेज रामडेरा के सभागार में रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एचआर हेड अरुण कुमार राय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं को बेहतर से बेहतर मार्गदर्शन देने के लिए रांची से मनीष सिन्हा चैंप स्क्वायर कोचिंग सेंटर के निदेशक एवं उनकी टीम मौजूद रहेगी साथ ही साथ विशेष रूप से सीए रोहित हेतमसरिया बच्चों के बीच उनके कैरियर से संबंधित बहुत सारी महत्वपूर्ण बातों को रखेंगे।

### तीन दिवसीय श्री श्री रामचरित मानस महायज्ञ का आयोजन किया गया



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड के गड़गांव गांव में स्वर्गीय उपेन्द्र नाथ महतो के पुण्य तिथि के शुभअवसर पर तीन दिवसीय श्री श्री रामचरित मानस कथा महायज्ञ का आयोजन किया गया। श्री श्री रामचरित मानस कथा के शुभारंभ से पूर्व स्वर्गीय श्री उपेन्द्र नाथ महतो के छवि पर उनके परिवार के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात रामायण मंडली के द्वारा मानस कथा का शुभारंभ किया गया। जिसमें कोटशीला राजाडेरा से श्री किरीटी भूषण महतो एवं कुटकी रामायण मंडली के द्वारा प्रभु श्री राम जी की कथा सुनाई गई। कथा सुनकर सभी ग्रामीण भाव विहोर हो उठे। मुख्य पुजारी मनोरंजन उपाध्याय जी ने विधिवत एवं मंत्र उच्चारण के साथ पूजा कर राम कथा का शुरूवात किया। इसे सफल बनाने में सभी ग्रामीणों ने अपना अपना योगदान दिया। तीन दिवसीय श्री श्री राम चरित मानस कथा का शुभारंभ 02 अप्रैल दिन मंगलवार तथा जागरण 4 अप्रैल दिन बृहस्पतिवार को होगा। इसकी जानकारी उमेश महतो ने दी।

### बेड़ो में मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल



**बेड़ो।** कार्यक्रम में डॉ परमेश्वर भगत ने विभिन्न गांव से आए हुए पहान, पुजार, महतो, कोटवार, पनभरवा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और सभी के साथ पूजा एवं नाच गान में शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने लोगो को सरहुल का शुभकामना संदेश देते हुए कहा हमारा समाज एक नाजुक दौर से गुजर रहा है, शिक्षा में ध्यान देना और नशा पान कम करना, समाजिक रूप से संघटित रहना समय की मांग है। हमें अपनी भाषा संस्कृति, रूढी परंपरा, रीति रिवाज एवं मूल धर्म को बचाने की आवश्यकता है एवं सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक रूप से जागरूक रहने की जरूरत है।

### हाईकोर्ट से बाबूलाल, मुंडा सहित 27 भाजपा नेताओं को राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद अर्जुन मुंडा और संजय सेठ सहित 27 भाजपा नेताओं की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई में बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट ने याचिकाकर्ता बाबूलाल मरांडी, सांसद अर्जुन मुंडा, संजय सेठ, दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो 27 भाजपा नेताओं के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। मामले की अगली सुनवाई आठ मई को होगी।

### हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर।** पिछले एक अप्रैल की रात को हुए हत्या में शामिल अपराधी तालिब अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन्नीस वर्षीय तालिब अंसारी इटकी का रहनेवाला है। ज्ञात हो कि सकरपदा में अज्ञात अपराधकर्मी के द्वारा चाकू मार कर दो व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल किया गया था। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी, इस संबंध में माण्डर थाना में कांड दर्ज किया गया था। वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक खेलारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल क गठन किया गया था। छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर काण्ड का उदभेदन करते हुए काण्ड में संलिप्त एक अपराधकर्मी को घटनास्थल पर छुटे हुए जूता के आधार पहचान करते हुए गिरफ्तार किया गया। अपराधकर्मी के द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए हत्या में प्रयुक्त चाकू को बरामद कराया गया है।

### लापुंग के जातालोया में सड़क दुर्घटना, दो घायल

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के जातालोया गांव में देर शाम सरहुल पर्व के शुभ अवसर पर सरई का फूल खोसी करने के क्रम में सड़क में गिरने से पाहन सहित दो लोग घायल हुए। गांव के पाहन पुसे मुंडा पिता सैनिक मुंडा व सुले मुंडा पिता सोमा मुंडा जतालोया में सरहुल फूलखोंसी करने जा रहे था। पुसे मुंडा सखुआ का फूल सूप मे लेकर पैदल ही जा रहा था, जबकि सुले मोटरसाइकिल में था पीछे से असंतुलन हो जाने के बाद पीछे से आपसी में टक्कर मार दिया जिसमे दोनों सड़क पर गिर कर लहूलुहान हो गए । उन्हें ग्रामीणों के सहयोग से दोनो को प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लापुंग पहुचाया गया। उनके पैर, माथे, आंख से सटे भांवे तथा माथा में चोट लगी। डॉ माधवी ने दोनो का इलाज किया। स्वास्थकर्मी राजेश कुमार मांझी तथा एएनएम मेरी पोलिना बड़ाईक ने इलाज किया। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक, सुरेश साहू व दुर्गा पाइक तथा जानकारी मिलने पर बाद में सन्नी टोप्पो भी घायल का हाल चाल पूछने हॉस्पिटल पहुंचे।

# प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाएं और छात्र उपकरणों का बेहतर उपयोग करें : डॉ सिन्हा

### रांची विश्वविद्यालय में रिसर्च एंड डेवलपमेंट काउंसिल की हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

03 अप्रैल 2024 को पीजी बॉटनी विभाग के सेमिनार हॉल में बुधवार को रांची विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) काउंसिल की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो (डॉ) अजीत कुमार सिन्हा ने की। इस बैठक में कई प्रस्तावों पर चर्चा के बाद कुलपति तथा काउंसिल के सदस्यों ने सहमति जताई।

ज्ञात हो कि यूजीसी के निर्देश पर रांची विश्वविद्यालय में 29 मार्च 2022 को रिसर्च एंड डेवलपमेंट काउंसिल का गठन किया गया था। अब इसके कई सदस्य शिक्षक सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इस लिए इस बैठक में नए कमिटी सदस्यों की नियुक्ति भी प्रस्तावित थी। बैठक में पीजी बॉटनी विभाग के हेड तथा डीन डॉ अरुण कुमार को आरएंडडी काउंसिल रांची विश्वविद्यालय का संयोजक बनाया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट काउंसिल सिर्फ विज्ञान संकाय को नहीं, बल्कि सभी संकायों में उत्कृष्टता के लिए कार्य करेगा। इस निर्णय के आलोक में सभी संकायों के लिए भविष्य के महत्वपूर्ण कार्यक्रम तय किए गए। तय हुआ कि रांची विश्वविद्यालय के सभी पीजी संकायों के लैब को आधुनिक बनाया जाएगा। इसमें साइंस, साइकोलॉजी, भूगोल, एंथ्रोपोलॉजी, होम साइंस विभाग शामिल हैं। कुलपति प्रो सिन्हा ने निर्देश दिया कि प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने के साथ ही शिक्षक और विभाग इस बात का विशेष ख्याल रखें कि उपकरणों का हमारे छात्र अनवरत एवं बेहतर उपयोग भी करें। उन्होंने कहा कि समय-समय पर प्रयोगशालाओं के लॉग बुक को चेक किया जाए।

रांची विश्वविद्यालय की अपनी रिसर्च पॉलिसी बनाने पर सहमति बनी। ताकि, रांची विश्वविद्यालय अपनी अलग उत्कृष्टता को प्राप्त करे। इसके लिए अलग से एक टीम बनाई जाएगी।

राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय उद्योगों के साथ सहयोगात्मक अनुबंध तथा बौद्धिक संपदा अधिकार (इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट) पर विशेष कार्य किया जाएगा। कुलपति ने रांची विश्वविद्यालय के लॉ के छात्रों के संसद में तीन नए कानून बनाने में कार्य करने की सराहना भी की।

तय हुआ कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट काउंसिल के अंतर्गत समय-समय पर बौद्धिक संपदा अधिकार, कानूनी तथा नैतिक विषयों पर कार्यशाला, सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत शनिवार (6 अप्रैल) को आइआइटी खड़गपुर के प्रो उदय ऑनलाइन एक सेमिनार को संबोधित करेंगे। इस बैठक का संचालन डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल सह आइक्यूएसी की डॉ स्मृति सिंह ने किया। डीएसडब्ल्यू डॉ एसके साहु ने सबों का आभार व्यक्त किया। बैठक में डॉ अर्चना दूबे, डॉ आरके शर्मा, डॉ नीरज, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ जीएस झा, डॉ ज्योति प्रकाश, डॉ बीके सिन्हा, डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ कंजीव लोचन, डॉ पंकज चतुर्वेदी, डॉ अरुण कुमार, डॉ एके डेल्टा, डॉ नयनी सक्सेना, डॉ सुजाता सिंह तथा अन्य संकायों के हेड एवं डीन उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण निर्णय**

- डॉ अरुण कुमार आरएंडडी काउंसिल के संयोजक बनाए गए
- काउंसिल सभी संकायों की उत्कृष्टता के लिए कार्य करेगा
- सभी पीजी संकायों के लैब को आधुनिक बनाया जाएगा
- रांची विश्वविद्यालय अपनी रिसर्च पॉलिसी बनाएगा
- बौद्धिक संपदा अधिकार पर विशेष कार्य किया जाएगा

## न्यूज बॉक्स

### डोरंडा के कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के डीबडीह पुल स्थित टेक्सटाइल शॉप (कपड़ा दुकान) में बुधवार को आग लग गई। इससे दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। इसमें लाखों के नुकसान का अनुमान है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान से धुंआ निकलते देखा। इसके बाद दुकान मालिक को इसकी जानकारी दी। दुकान मालिक ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड के तीन वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि कपड़े की दुकान में आग लगी है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात बताई जा रही है। आग को बुझा लिया गया है और बगल के दुकानों में फैलने से रोक दिया गया है। हालांकि, कपड़ा दुकान के सभी कपड़े जलकर राख हो गए हैं। दुकान के संचालक की ओर से अब तक नुकसान के बारे में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

### हटिया स्टेशन पर शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत हटिया स्टेशन से शराब जब्त की है। मामले में आरोपी उमेश सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का रहने वाला है। इसके बैग से 64 शराब की बोतल बरामद की गई है। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, रांची मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्टेशनों और ट्रेनों में विशेष चौकसी बरती जा रही है। इसी क्रम में ऑपरेशन सतर्क के तहत आरपीएफ हटिया और फ्लाइंग टीम रांची ने संयुक्त रूप से हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया। ट्रेन संख्या 18623 में एक व्यक्ति को बड़े बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में देखा गया। बैग की तलाशी लेने पर बैग से 64 बोतल शराब बरामद की गई।

### स्विच ऑन फाउंडेशन और मारवाड़ी कॉलेज के बीच पर्यावरण पर एमओयू

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज और स्वीच ऑन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को एकदिवसीय पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अलग-अलग विभागों से चयनित विद्यार्थियों को शामिल किया गया, जिनका प्रशिक्षण एक संगोष्ठी द्वारा एक्सआईएसएस संस्थान में 16 फरवरी 2024 को दिया गया था। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलेज प्रतिबद्ध है। इसलिए हमने कॉलेज में एक ईको क्लब का गठन किया है, जिसके तहत आज की कार्यशाला आयोजित की गई है। इसके उपरांत मारवाड़ी कॉलेज और स्वीच ऑन फाउंडेशन के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। वहीं, ज्ञापन में यह कहा गया है कि विद्यार्थियों को पर्यावरण जागरूकता से जुड़ी मुफ्त ऑनलाइन कोर्स करने का मौका मिलेगा। जल्दी ही कॉलेज में अलग अलग वर्कशॉप के माध्यम से कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त कैंपस और सोसायटी अभियान, इनडोर गार्डन, सुखा कचड़ा संग्रहण अभियान, वर्मी कम्पोस्ट पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। सभी बच्चों को मारवाड़ी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, डॉ पिंकी राज साहू, अनुभव चक्रवर्ती और स्वीच ऑन फाउंडेशन के स्टेट हेड विवेक गुप्ता द्वारा प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### झारखंड वॉलीबॉल दिवस के रूप में मना शेखर बोस का जन्मदिन

**रांची।** झारखंड वॉलीबॉल संघ की कार्यकारिणी समिति ने अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक, राष्ट्रीय निणार्यक, झारखंड ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष, झारखंड वॉलीबॉल संघ के सचिव, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष, एक अच्छे खेल प्रशासक गुरु शेखर बोस के जन्मदिन को झारखंड वॉलीबॉल दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर राज्य के सभी जिला संघों ने अपने-अपने जिला मुख्यालय में वॉलीबॉल से संबंधित कायक्रम यथा- प्रदर्शनी वॉलीबाल मैच, वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन, कार्यशाला एवं अन्य कायक्रमों का आयोजन किया। राज्य के कई जिलों में वॉलीबॉल की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसके अतिरिक्त बॉलीबॉल से संबंधित अन्य गतिविधियां भी आयोजित कर उपस्थित खिलाड़ियों के बीच केक व मिठाईयों का वितरण भी किया गया। देवघर जिला वॉलीबाल संध के द्वारा शेखर बोस के नाम से जिला के उभरते खिलाड़ी हेतु शेखर बोस खेल रत्न पुरस्कार प्रत्येक वर्ष किसी खेल में जिला का नाम ऊंचा करने वाले खिलाड़ी को दिए जाने का निणर्य लिया तथा झारखंड वॉलीबाल दिवस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### रेलवे के पूर्व डीसीएम ने किया सरेंडर

**रांची।** हटिया रेलवे के डीसीएम नीरज कुमार ने बुधवार को एसीजेएम कोर्ट में सरेंडर किया है। साथ ही, उन्होंने एक हजार रुपये का जुमार्ना भरा है। जुमार्ना की राशि भरने के बाद केस का निष्पादन हुआ। यह मामला कांट्रैक्ट लेबर एक्ट का है। मजदूरों के वेतन भुगतान नहीं किए जाने को लेकर उन पर केस दर्ज हुआ था।

### सलमान अंसारी हत्याकांड का खुलासा एक गिरफ्तार

**रांची।** मांडर थाना पुलिस ने चाकू मारकर सलमान अंसारी की हत्या करने के मामले में तालिब अंसारी को गिरफ्तार किया है। वह इटकी के गुलाम टोली का रहने वाला है। इसके पास से एक चाकू और एक जोड़ा जूता बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एक अप्रैल को सुबह सूचना मिली कि मांडर के सकरपदा गांव में एक अपराधी ने चाकू मार कर दो व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के अंदर मामले का खुलासा करते हुए अपराधी को घटनास्थल पर छुटे हुए जूता के आधार पर पहचान करते हुए गिरफ्तार किया। इसकी निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त चाकू को बरामद कराया गया है। अपराधी ने बताया कि वह माचिस मांगने के लिए मृतक के घर गया था। इसी दौरान मृतक और उसके चाचा से झगड़ा हुआ। इसी दौरान अभियुक्त ने दोनों को चाकू मार दिया, जिसमें सलमान अंसारी की मौत हो गई और उसके चाचा समीउल्लाह अंसारी को गंभीर जख्म पहुंचा है।

## सड़क पर जहां मन वहां खोलते दुकान, खड़ा करते हैं वाहन, लगता है जाम

# सिटी बस, ऑटो, टुक-टुक, खोमचे-ठेले वालों की है मनमानी





**अमित कुमार**

**रांची।** झारखंड बने हुए 23 साल से ज्यादा हो गए हैं। इस उम्र में किशोर अवस्था को प्राप्त कर जीवन की रफ्तार तेज हो जाती है। लेकिन, राजधानी में सरकार की व्यवस्था ऐसी है कि हर कार्य धीमी गति से खिसक रही है। रोड किनारे ठेले-खोमचे आदि की दुकानें सजी हुई रहती हैं। वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा नहीं होने से सड़कों के किनारे वाहन खड़े कर दिए जाते हैं और इससे सड़कों पर जाम लग जाता है।




कई बार तो एंबुलेंस को भी इस जाम से गुजरना पड़ता है। हाईकोर्ट ने इस पर संज्ञान भी लिया है। कोर्ट पुलिस प्रशासन से यातायात व्यवस्था ठीक करने को कहा है।



**सिटी बसों की है दादागीरी, बिना पड़ाव के ही रुकती हैं सभी बसें :** रांची शहर में कुल 41 बसें नगर निगम द्वारा संचालित हैं। इसमें सभी बसें कचहरी से राजेंद्र चौक तथा तुपुदाना के लिए हैं। लेकिन, बस पड़ाव नहीं होने से सड़क पर ही गाड़ी रोक कर यात्रियों का उठाव करते हैं। कहीं-कहीं सड़क पर बने येलो स्पॉट पर ही बसें रुका करती हैं।



**नहीं है कोई रूट चार्ट :** बसों में रूट चार्ट नहीं होने से भी यात्रियों को परेशानी होती है। रूट चार्ट के रूप में यात्रा शुरू करने की जगह और अंतिम पड़ाव का जिक्र मात्र होता है। किस रूट से और किन-किन जगहों पर पड़ाव है, इसकी कोई चर्चा नहीं होती है।

**ठूस-ठूस कर ले जाते हैं यात्रियों को :** सिटी बसों में अक्सर देखने को मिलता है कि यात्री सामान की तरह ठूस-ठूस कर ले जाए जा रहे हैं। ऐसे में महिला, बच्चे, वृद्ध सभी को परेशानी में सफर करना पड़ता है।




**शहर में 25000 चलते हैं टुक-टुक :** जानकारों का कहना है कि शहर में 25000 टुक-टुक चलते हैं। वहीं, रांची नगर निगम ने रूट पास केवल 948 टुक-टुक को दिया है। इसका मतलब है कि लगभग 24000 टुक-टुक बिना रूट पास के चल रहे हैं। इससे भी सड़कों पर भारी दबाव बना हुआ है। इनके लिए रूट का कोई निर्धारण नहीं है और इससे भी जाम की समस्या बनी हुई है।



**ठेला-खोमचा से हो रहा है मेन रोड जाम :** मेन रोड में अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर उर्दू लाइब्रेरी तक बाजार लगी होती है। खाने पीने से लेकर कपड़े और जूते-चप्पल की सैकड़ों दुकानें सजी होने से ग्राहकों की भीड़ और उनके साथ वाहनों के अवैध पड़ाव से जाम की समस्या बनी हुई है।




**बिना परमिट वाले 5000 ऑटो शहर को करते है जाम :** शहर को बिना परमिट वाले 5000 ऑटो परेशान किए हुए हैं। आरटीओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए परमिट देने के बाद भी वे शहर में जबरन प्रवेश कर जाम की समस्या को बढ़ाते हैं। ऐसे में 2300 परमिटधारी ऑटो वाले को भी परेशानी होती है।

> ट्रैफिक पुलिस अवैध वाहनों पर कार्रवाई कर रही है। अवैध वाहनों के संचालन को रोकने के लिए सरकार की सभी एजेंसियों को एक साथ मिल कर व्यवस्था दुरस्त करनी होगी। इसके लिए आधारभूत संरचना तैयार करने की जरूरत है।
>
> **सुमित अग्रवाल, ट्रैफिक एसपी, रांची।**

> इस साल से 250 से अधिक बस सेवा बहाल की जाएंगी। इसमें वाहनों के पड़ाव से लेकर सीटों की बुकिंग एप के माध्यम से की जाएगी। इसमें रूट का निर्धारण स्क्रीन पर दिया रहेगा। साथ ही, यह जीपीएस सहित अन्य तकनीक से लैस होगा।
>
> **रवींद्र कुमार, डिप्टी म्युनिसिपल कमिश्नर, रांची।**

## श्री श्याम मंडल रांची के संरक्षक सुरेश चंद्र पोद्दार का निधन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम बाबा के परम भक्त एवं श्री श्याम मंडल, रांची के संरक्षक सुरेश चंद्र पोद्दार का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया। वे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। वे अपने पीछे दो पुत्र समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार (4 अप्रैल) को दिन में 10:30 बजे उनके निवास स्थान से हरमू मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। सुरेश चंद्र पोद्दार के निधन की खबर प्राप्त होते ही रांची के श्याम भक्तों एवं श्री श्याम मंडल के सदस्यों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। श्री श्याम मंडल, टिंबर एसोसिएशन के सदस्यगण एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में उनके जतिन चंद्र लेन स्थित उनके आवास पर जमा हुए और परिवार के लोगों को सांत्वना दी। श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, उपाध्यक्ष मनोज सिंघानिया एवं मंत्री धीरज बंका ने इनके निधन को श्री श्याम मंडल एवं समाज के लिए बहुत बड़ी क्षति बताया। बड़ी संख्या में इनके परिजन भी शोकाकुल थे। ज्ञात हो कि सुरेश चंद्र पोद्दार झारखंड टिंबर सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं झारखंड टिंबर्स ट्रेडर्स के अध्यक्ष थे एवं टिंबर व्यवसाय हित के लिए सदैव प्रयत्नशील रहते थे।

## ईद एक्सपो बाजार दोबारा शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिसालदार बाबा शाह दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर ने ईद एक्सपो बाजार रांची के डोरंडा उर्स मैदान में लगाया है। दरगाह कमिटी के सदर अय्यूब गद्दी, संरक्षक शाहरुख खान, मजार मस्जिद के ईमाम अब्दुल मोबिन, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन और बेलाल अहमद, उप सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो, सदस्य नज्जू अंसारी, पुलिस पब्लिक रिपोर्टर के शाहिद खान, समीर हेजाजी, इबरार गद्दी ने मेले का दोबारा बुधवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि 28 मार्च से 7 अप्रैल तक चलने वाले ईद एक्सपो बाजार पर 31 मार्च को आए भीषण आंधी तूफान ने एक्सपो बाजार को पूरी तरह बर्बाद कर दिया था। इससे सभी दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ था और ईद एक्सपो बाजार पर विराम लग गया था। परंतु, दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर ने निर्णय लिया कि दुकानदारों और आमजन के सहुलियत के लिए ईद एक्सपो बाजार को दोबारा बहाल किया जाएगा। इसके बाद मेले को दोबारा चालू करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कराया गया। बुधवार को मेला फिर से चालू हो गया। मेले मे बच्चे, बड़े, लेडीज, जेंट्स सभी के कपड़े, कुर्ता, पायजामा, नकाब-हिजाब, बनारसी साड़ी, लखनवी और कश्मीरी शूट कुर्ती से लेकर हर तरह के कपड़े, क्रॉकरी, चूड़ी, कालीन, फूड स्टॉल, जूता चप्पल सैंडल, कॉस्मेटिक, चश्मा, बर्तन, खिलौना, कई स्कूल, टू व्हीलर के कई कंपनी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ज्वेलरी, लेडीज कॉर्नर, खाने के नमकीन आइटम, ड्राई फूड, सेवई, बेड शीट, दस्तरखान, आयुर्वेद, लोहे के बर्तन आदि ईद की सभी जरूरतों के समान मेले मे उपलब्ध हैं।

## झारखंड में 6 से 8 अप्रैल तक हो सकती है बारिश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


झारखंड में मौसम गर्म हो गया है, लेकिन इसका मूड फिर बदल सकता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, झारखंड के कुछ हिस्सों में आगामी चार अप्रैल से बारिश हो सकती है। कुछ हिस्सों में बादल छाए रह सकते हैं। वहीं, कुछ हिस्सों में लू भी चल सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र ने लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, छह से आठ अप्रैल तक संताल और कोल्हान वाले कुछ हिस्सों में लू चल सकती है। तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ अभिषेक आनंद ने कहा कि पांच अप्रैल तक मौसम शुष्क रहेगा। छह, सात और आठ अप्रैल को राज्य के कुछ हिस्सों में गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। छह अप्रैल को राज्य के उत्तरी हिस्से और सात अप्रैल को उत्तरी के साथ-साथ मध्य भाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। इसमें रांची भी शामिल है। आठ अप्रैल को राज्य के दक्षिणी तथा मध्य हिस्से में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

# 11 अप्रैल को मनाया जाएगा गणगौर पर्व

## स्त्रियों के लिए अखंड सौभाग्य प्राप्ति का पर्व है गणगौर का त्यौहार





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गणगौर का त्यौहार आगामी 11 अप्रैल (गुरुवार) को मनाया जाएगा। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बुधवार को कहा कि गणगौर पर्व मारवाड़ी समाज के प्रमुख त्यौहारों में से एक है। गणगौर पूजा हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को होती है। इस दिन कुंवारी कन्या और सुहागन महिलाएं व्रत रखती हैं।

गणगौर पर्व में कुंवारी कन्या और सुहागन महिलाएं माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा करती हैं। गणगौर दो शब्दों से बना है, गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ पार्वती से है। वास्तव में गणगौर पूजन मां पार्वती और भगवान शिव की पूजा का दिन है। यह वासंतिक नवरात्र के तीसरे दिन यानी चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि गणगौर की पहली और सबसे महत्वपूर्ण परंपरा मिट्टी के बर्तनों कुंडा में पवित्र अग्नि से राख इकट्ठा करना और उनमें गेहूं और जौ के बीज बोना है। 7 दिनों के बाद महिलाएं राजस्थानी लोकगीतों को मंत्रमुग्ध करते हुए गौरी और ईसर की रंग-बिरंगी मूर्ति बनाती हैं। मान्यता है कि कामदेव की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भस्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया था तथा विष्णु लोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगाचार व रस्में की जाती हैं। होली के दूसरे दिन से प्रारंभ होकर 16 दिनों तक गणगौर पर्व चलता है। 26 मार्च से शुरू हुआ गणगौर पर्व 11 अप्रैल को गणगौर विसर्जन के साथ संपन्न होगा।

**गणगौर पूजा हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को होती है**

**26 मार्च से शुरू हुआ गणगौर पर्व 11 अप्रैल को गणगौर विसर्जन के साथ संपन्न होगा**

## दुगार्पुर स्टील प्लांट के विस्तारीकरण योजना की एमटीआई में हुई समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुगार्पुर स्टील संयंत्र की नई विस्तारीकरण योजना है, जिसके अंतर्गत 34.2 लाख टन हॉट मेटल उत्पादित करने का लक्ष्य है। परियोजना को मंजूरी मिलने के बाद 36 महीनों के अंदर इसे पूरा किया जाएगा। इस विस्तारीकरण के लिए व्यापक परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी), रांची द्वारा तैयार कर ली गई है। बुधवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के रांची स्थित प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) में विस्तार योजना पर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीपी सिंह, निदेशक प्रभारी (डीएसपी और आईएसपी) ने की। उन्होंने चर्चा के दौरान बहुमूल्य जानकारी और मार्गदर्शन दिया।

एके सिंह, निदेशक (तकनीकी, परियोजना एवं कच्चा माल) ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उन्होंने सीईटी द्वारा उठाई गई चुनौतियों की सराहना की। साथ ही, विस्तार योजना को समय पर पूरा करने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

एसके वर्मा, ईडी सीईटी ने निदेशक प्रभारी (डीएसपी और आईएसपी) और उनकी टीम का स्वागत किया और संपूर्ण ब्राउनफील्ड विस्तार योजना के बारे में संक्षिप्त जानकारी के साथ प्रारंभिक टिप्पणी दी। एस चक्रवर्ती, सीजीएम सीईटी ने विस्तृत नई विस्तारीकरण योजना प्रस्तुत की। बैठक में ईडी (प्रोजेक्ट्स) पी मुरुगेसन, डीएसपी के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम और सीईटी के संबंधित अधिकारियों ने भी भाग लिया।

**सेल की इकाई सीईटी ने तैयार की है विस्तृत संभावना रिपोर्ट**

## एक नजर

### एसडीओ व एसडीपीओ ने चोरदहा बॉर्डर पर किया वाहन चेकिंग



**बरही।** स्वच्छ व पारदर्शी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह चुस्त दुरुस्त हो चुकी है. चुनाव के पूर्व हर एक क्षेत्र की निगरानी और जांच नियमित जारी है. एसडीओ जोहान टुडू और एसडीपीओ सुरजीत कुमार लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है. बुधवार को सीमावर्ती क्षेत्र जीटी रोड चोरदहा बॉर्डर पहुंचकर दोनो पदाधिकारियों ने स्वयं अपनी निगरानी में वाहन जांच करने का काम करवाया. चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों को बिहार की ओर से आने जाने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखने की हिदायत दी. एसडीपीओ ने सभी गाड़ियों के डिक्की और उसमे रखे समान की भी जांच करने की बात कही. किसी भीं प्रकार के संदिग्ध व्यक्ति पर कड़ाई से जांच करने की बात कही. एसडीओ ने बताया की लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए पैसा या आपत्तिजनक वस्तुओ का परिवहन किए जाने के सूचना मिलते रहे है.

### डाड़ी प्रखंड के पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में बुधवार को मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। डाड़ी प्रखंड सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अनुप्रिया के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, मतदाता शपथ और रैली निकालकर सभी लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इसमें बीपीएम सुधीर कुमार ने जेएसएलपीएस और एसएचजी ग्रुप के सदस्यों ने योगदान किया।

### एक ही मार्का पर तीन ईट भट्ठा संचालित, राजस्व की हो रही है क्षति

**मांडू।** मांडू चट्टी पंचायत निवासी विशेश्वर बिरहोर ने ईटा भट्ठा संचालक मांडू निवासी रमेश साव पर एक ही मार्का का उपयोग अपने तीन ईट भट्ठा में कर सरकारी राजस्व की क्षति पहुंचाने को लेकर रामगढ़ जिला खनन पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत किया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि मां ब्रिक्स चिमनी ईटा भट्ठा के संचालक रमेश साव बिना किसी आदेश के चिमनी भट्ठा का संचालन तथा वन भूमि एवं पेड़ पौधों को नष्ट कर कई स्थानों पर अवैध चिमनी भट्ठा संचालित कर रहा है। जिसमें मांडू चट्टी पंचायत के मौजा गोविंदपुर खाता नंबर एक प्लॉट नंबर 267 कुल रकवा 7, 5 एकड़ में संचालित भट्ठा सरकारी गैर मजरूवा भूमि पर है। साथ ही मांडू चट्टी पंचायत के टकहा में संचालित चिमनी भट्ठा ग्रामीणों से फर्जी एग्रीमेंट कर जंगल तथा सरकारी भूमि पर संचालित कर रहा है।

जिले में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# हर हाल में मतदान प्रतिशत को आगे बढ़ाएं पदाधिकारी : नोडल पदाधिकारी



◆सभी मतदाताओं को रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने के लिए मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि हर हाल में मतदाताओं को जगरूक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दें पदाधिकारी। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में 'वोट करेगा रामगढ़, 20 मई' 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने के लिए मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।


## इंटरनेशनल पब्लिक हाई स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। कटकमदाग**
प्रखंड के ग्राम सुल्ताना स्थित इंटरनेशनल पब्लिक हाई स्कूल में बुधवार को कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजन हुआ। जिसमें वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जो विद्यार्थी तीनों वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए उन्हें विद्यालय प्रबंधन की ओर से 6 महीने, द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को 4 महीने व तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को 3 महीने की फी माफी करने की घोषणा की गई। साथ ही 15 अप्रैल 2024 तक विद्यालय में फ्री नामांकन लेने की भी घोषणा की गई। विद्यालय के निदेशक मोहम्मद इसराफिल ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थी में मोहम्मद वहाब, प्रिंस कुमार, सामिया परवीन, अक्सा परवीन, मोहम्मद दिलकस, मोहम्मद अयान, मोहम्मद आसिफ, मंतशा परवीन, आलिया परवीन, सना परवीन, साइना आजमी, मोहम्मद सैफ, आलिया परवीन, सादिया परवीन, सकीना परवीन, आफरीन नूर, खुशनुमा परवीन, आलिया परवीन, अंजली कुमारी, नगमा परवीन, तौशीन परवीन, पायल कुमारी, आलिया परवीन, सुषमा कुमारी, मोहम्मद अब्दुल, खुशी परवीन, आफरीन परवीन, नीतीश कुमार, अस्सानत हुसैन, सबीहा परवीन, मोहम्मद फैजान, अलवीरा परवीन व काजल परवीन का नाम शामिल है।

## न्यूज बॉक्स

### श्री हनुमान चालीसा सुंदरकांड व हवन पूजन के साथ नवीन सत्र 2024- 25 हुआ प्रारंभ



**हजारीबाग।** सरस्वती विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में श्री हनुमान चालीसा पाठ सुंदरकांड पाठ तथा हवन पूजन के साथ नवीन सत्र 2024-25 का विधिवत प्रारंभ हुआ`माता सरस्वती, श्री राम- सीता, हनुमान जी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन कर विद्यालय के सचिव फणींद्रनाथ झा, विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन एवं आचार्य बंधु-भगिनी ने पूरे भक्ति भाव के साथ पूजन किया। विद्यालय के सचिव फणींद्रनाथ झा , विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह, भैया -बहनों एवं आचार्य बंधु- भगिनी ने पूरे भक्ति भाव के साथ सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया। मौके सचिव, प्राचार्य, भैया' -बहन,आचार्य बंधु -भगिनी एवं अभिभावकों ने हवन किया। विद्यालय में नए नामांकन लेने वाले भैया- बहनों ने माता सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव फणींद्रनाथ ने भैया -बहनों कहा -आज का दिन बहुत पावन है ' माता सरस्वती की वंदना पूजा के साथ भगवान महावीर की पूजा अर्चना, सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ तथा हवन के साथ नवीन सत्र 2024-25 का आरंभ हो रहा है। आप सभी को नए सत्र की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। नए सत्र में आप नई ऊर्जा के साथ अध्ययन करें।

### बंडासिंगा में रामनवमी पूजा को लेकर बैठक संपन्न, शंकर गोस्वामी बने अध्यक्ष



**बरकट्ठा।** प्रखंड के ग्राम बड़ासिंगा में राम नवमी पूजा की तैयारी को लेकर एक बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता तालेश्वर पांडेय एवं संचालन संजय साव के द्वारा किया गय, वहीं पूजा को लेकर सर्व सहमति से अध्यक्ष शंकर गोस्वामी, सचिव अर्जुन ठाकुर, कोषाध्यक्ष तुलसी साव को बनाया गया। साथ ही शोभा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी संजय कुमार साव, सचिव अशोक राणा एवं सदस्य टुकलाल नायक ,तालेश्वर पांडेय, रंजीत तिवारी को बनाया गया उपस्थित लोगों ने पूजा को धूमधाम से एवं शांतिपूर्ण मनाने का निर्णय लिया। मौके पर पूर्व पूजा समिति के अध्यक्ष शंकर साव, गणेश नायक, सोनू पांडेय,मनोज राणा, महेश मोदी, अर्जुन नायक, दिनेश रविदास, रामेश्वर राणा, सतीश साव, कुंजलाल गोस्वामी, विनोद ठाकुर, सुमित राणा, सुरेश राणा, देवचंद नायक, नागेश्वर नायक, भुनेश्वर नायक, विनोद साव, मोतीलाल ठाकुर, गुलेश्वर साव ,छोटी गोस्वामी, हेमराज नायक, बुलाकी ठाकुर, केदार साव समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जीएम ने पानी की समस्या को लेकर गिद्दी जलापूर्ति पंप का किया निरीक्षण

**गिद्दी।** अरगड्डा जीएम एसके झा ने बुधवार को गिद्दी ए कॉलोनी में पानी की समस्या को लेकर क्वायरी स्थित जलापूर्ति पंप हाउस का निरीक्षण किया। इसके बाद जीएम ने संबंधित पदाधिकारी को ब्रेकडाउन मोटर पंप के अविलंब मरम्मत करा कर कॉलोनी में जलापूर्ति व्यवस्थित करने के लिए निर्देश दिया है। मौके पर उपस्थित एसओसी गौरव तिवारी ने बताया वर्तमान में गिद्दी क्वायरी स्थित पंप हाउस में दो मोटर पंप से जलापूर्ति होता है। जीएम के निर्देशानुसार जल्द ही एक और अतिरिक्त मोटर पंप मंगाया जाएगा। ताकी जलापूर्ति वाले दो पंप में से एक कोई खराब हो तो अतिरिक्त पंप चालू कर पानी की समस्या उत्पन्न नहीं होने दिया जाए। एसओसी गौरव तिवारी ने बताया जीएम ने इको फ्रेंडली पार्क बनाने के लिए भी उक्त स्थल को डेवलप करने का निर्देश दिया है। जीएम एसके झा के पंप हाउस के निरीक्षण के दौरान गिद्दी पीओ आरके सिन्हा, एसओईएंडएम ऑफिसर संजीव झा, एसओसी गौरव तिवारी, राजेश गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

झापा प्रत्याशी ने दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में टेका माथा, जीत की कामना की

# यह पार्टी किसान, मजदूर व गरीबों के हक की बात करती है



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग के पगमिल रोड अवधपुरी के समीप दक्षिणेश्वरी काली मंदिर में झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने पूजा अर्चना कर माथा टेका और आशीर्वाद लेकर जीत की मनोकामना की। इस मौके पर फूल माला पहनकर झारखंड पार्टी के समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा ने लोगों से जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है, जल जंगल जमीन की पार्टी है यहां के लोगों के हक अधिकार की लड़ाई के लिए झारखंड पार्टी हमेशा तत्पर होकर संघर्ष करती रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि यह पार्टी किसान, मजदूर व गरीबों के हक की बात करती आई है और करती रहेगी। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने हजारीबाग लोकसभा से उन्हें झारखंड पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। इसी को लेकर लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं और लोगों से अपना समर्थन की अपील कर रहे हैं। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जिस प्रकार से लोगों का समर्थन औरबआशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भारी बहुमत के साथ जीत हासिल कर रिकॉर्ड बनाने का काम करेंगे। इस मौके पर झब्बू कुमार, रोशन कुमार, अनुज तिवारी, अविनाश कुमार, शंकर यादव, पंकज सिंह, विजय भारती, अविनाश गोस्वामी, संजय कुक्कू, पप्पू कुमार आदि शामिल थे।

### भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का जन्म महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**रामगढ़।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक मोहत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। मौके पर सर्वप्रथम श्रीजी का जलाभिषेक एवम शांतिधारा किया गया। तत्पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा श्री भक्तामर जी का विधान बड़े भक्ति भाव से किया गया। इस मौके पर श्री मंदिर जी के प्रांगण से समाज की महिलाओं द्वारा राहगीरों के बीच गन्ना रस का वितरण किया गया। श्री मंदिर जी में संध्या भक्तामर जी का पाठ 48 दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन, जैन महिला जागृति की अध्यक्ष अरूणा जैन ,सचिव खुशबू चूड़ीवाल ,नरेंद्र छाबड़ा एवम समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

शांतिपूर्ण संपन्न हुआ रामनवमी का पहला मंगल जुलूस

## नहीं बजे डीजे, लाउडस्पीकर व ताशे की धुन पर ही खूब थिरके राम भक्त



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
राम आएंगे तो अंगना सजाएंगे, नगरी हो अयोध्या सी आदि जैसे कर्णप्रीय भजन व नगाड़ों की थाप के बीच मंगलवार को श्री चैत्र रामनवमी 2024 का पहला मंगला जुलूस शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकाला गया. रात्रि 8 बजते ही धनबाद रोड, हजारीबाग रोड, पटना रोड, गया रोड आदि स्थानों के विभिन्न अखाड़ा समिति के रामभक्तो ने भगवा ध्वज के साथ पहला मंगला जुलूस निकाला. बरही चौक पहुंचकर लाठी का खेल और अपने करतब दिखाए. इस दौरान रामभक्तो ने जय श्रीराम जैसे गगन भेदी नारे भी लगाए. जुलूस के दौरान बरही पुलिस तैनात थी. मंगला जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न करवाने में सभी अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों व कार्यकताओं सहित समाजिक कार्यकर्ता व प्रबुद्धजनों ने महती भूमिका निभाई. इस दौरान बरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और जुलूस की निगरानी करता रहा. मंगला जुलूस बरही सहित करियातपूर, रसोईयाधमना, बरसोत आदि स्थानों पर भी शांति पूर्ण निकाली गई.

◆कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जेपी पटेल का कार्यकर्ताओं ने किया अभिनंदन

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों का समर्थन मुझे मिलेगा : पटेल

● कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने पत्रकारों से कहा कि राज्य के विकास के लिए विपरित विचारधारा के बावजूद भी मैंने भाजपा ज्वाइन किया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का होटल मिलन के सभागार में 2 अप्रैल को पार्टी कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान एवं संचालन मुकेश यादव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व विधायक ममता देवी, रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा, धर्मराज राम, वरिष्ठ पार्टी नेता पीसी संतन मौजूद थे। मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर जयप्रकाश भाई पटेल का स्वागत व अभिनंदन किया। मौके पर कांग्रेस नेता, विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों व बीस सूची अध्यक्षों ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी बातों को रखा। मौके पर जयप्रकाश भाई पटेल को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया गया। जबकि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि राज्य के विकास के लिए विपरित विचारधारा के बावजूद भी मैंने भाजपा ज्वाइन किया। मैंने विधानसभा चुनाव से पूर्व लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार किया।

### आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर विभिन्न पार्टी अध्यक्ष के साथ हुई बैठक



**बरही ।** प्रखंड सभागार में लोकसभा चुनाव 2024 के निमित आदर्श आचार संहिता के अनुपालन एवं अनुश्रवण समेत अन्य निर्वाचन से सम्बंधित बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भूमि सुधार उपसमाहर्ता अजय भगत ने किया। बैठक में अनुमंडल के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के अलावा सभी पोलिटिकल पार्टी के अध्यक्ष सचिव शामिल हुए। बैठक में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इस बात को ध्यान में रखने की अपील की। एलआरडीसी अजय भगत ने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन करने वाले पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हर चीज के लिए ऑनलाइन फॉर्म उपलब्ध है, इसका लाभ वह ले सकते है। बैठक में बीडीओ बरही सी.आर. इंदवार, सीओ बरही रामनारायण खलखो, बीडीओ चलकुशा, सीओ पदमा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू, एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष सूरज दास, सीपीआई राज्य परिषद सदस्य कृष्ण कुमार, चलकुशा कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष मोइनुद्दीन, नाजिर अहमद, उमेश यादव, देवचंद यादव, पंसस विकास सिंह, राजेन्द्र स्वर्णकार सहित अन्य शामिल थे।

### आदर्श आचार संहिता व प्रशासनिक गाईड लाइंस का पालन करते हुए त्योहार मनाएं : निगरानी समिति



**बरही।** श्री चैत्र रामनवमी हर्षोल्लास व सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर हरिला ग्रामवासियों ने गांव के चबूतरा पर एक महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसकी अध्यक्षता गांव के वरिष्ठ परमेश्वर यादव ने किया. जिसमे हरिला गांव के दर्जनों रामभक्त शामिल हुए. सबों ने एक सुर में श्री रामनवमी हर्षोल्लास मनाने की बात कही. साथ ही रामनवमी के अवसर पर शांतिपूर्ण सार्वजनिक जुलूस निकालने की सहमति बनी. कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए सर्वसम्मति से पूजा समिति का गठन किया गया. जिसमे बिनोद कुमार यादव को अध्यक्ष, सतीश कुमार को सचिव, कामता यादव को उपसचिव,संजय यादव कोषाध्यक्ष और बिनोद यादव को उप कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया. इसके साथ ही कार्यक्रम को सुव्यवस्थित व शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए निगरानी समिति का गठन किया गया. जिसमे छट्ठु गोप विस विधायक प्रतिनिधि, प्रमेश्वर यादव सचिव आरएनवाईएम महाविद्यालय, बालेश्वर यादव उपमुखिया सहित समाजसेवी बद्री यादव, मुकेश कुमार, अशोक यादव, ' सहदेव यादव, रामचंद्र यादव, महेश यादव, सुरेंद्र यादव व रामदेव यादव को निगरानी समिति का सदस्य चयनित किया गया. निगरानी समिति के सदस्यो ने सभी से रामनवमी पूजा शांति व सौहार्द वातावरण में आदर्श आचारसंहिता तथा प्रशासनिक गाइडलाइन का अनुसरण करते हुए बनाने की अपील किया.

## आस्था

हजारीबाग की विश्व प्रसिद्ध रामनवमी महापर्व का आगाज

# धूमधाम से निकाला गया पहला मंगला जुलूस, जय श्री राम के घोष से गूंज उठा शहर

❑ जुलूस के दौरान सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए राम भक्त नाचते गाते दिखे



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मंगल को जन्मे, मंगल ही करते, मंगलमय हनुमान. इसी मंगल कामना के साथ हजारीबाग शहर समेत जिले भर में मंगलवार की देर शाम रामनवमी का पहला मंगला जुलूस गाजे-बाजे के साथ निकला. मंगला जुलूस के साथ ही हजारीबाग में रामनवमी महापर्व का आगाज भी हो गया. लगभग एक दर्जन से अधिक विभिन्न अखाड़े का जुलूस सड़कों पर निकला जो विभिन्न मार्गो से होते हुए महावीर स्थान पहुंचा. मंदिर में पूजा अर्चना की गई. इस दौरान राम भक्तों का जन सैलाब सड़कों पर देखने को मिला. हजारीबाग की सड़कों पर शक्ति प्रदर्शन करते हुए राम भक्त नाचते गाते दिखे. जुलूस के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे. हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल भी मंगला जुलूस के दौरान भगवान श्री राम के जयकार लगाते हुए देखे गए. उन्होंने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी बेहद खास है. मंगला जुलूस से ही पर्व का आगाज हो जाता है. इस महापर्व को राजकीय महोत्सव का भी दर्जा मिलना चाहिए. बजरंगी डंका बजा, तो चहुंओर जयश्रीराम का उद्घोष हुआ. महावीरी झंडे के साथ सनातन संस्कृति की बहती बयार के बीच देर रात तक राम भक्ति में लोग डूबे नजर आए. जुलूस में लोग नाचते-गाते मयार्दा पुरुषोत्तम की महिमा गान कर रहे थे. हजारीबाग की सड़कों पर मिनी रामनवमी का नजारा था. विभिन्न अखाड़ों के साथ हिंदू संगठनों से जुड़े लोग भगवान श्रीराम और वीर हनुमान की जयकारा लगा रहे थे. जिला प्रशासन और पुलिस मुस्तैदी से जुलूस को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में जुटी रही. होली के बाद पड़ने वाले पहले मंगलवार से ही मंगला जुलूस निकालने की परंपरा रही है. रामनवमी तक प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न अखाड़े पूरे उत्साह के साथ मंगला जुलूस निकालते हैं. सिर्फ शहरी नहीं हजारीबाग जिले के ग्रामीण इलाकों में भी मंगलवार को मंगला जुलूस निकालने की परंपरा रही है.

झामुमो का स्थापना दिवस हजारीबाग में आज, तैयारियां पूरी

## 5 सौ से अधिक कार्यकर्ता स्थापना दिवस में होंगे शामिल : प्रखंड अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
झारखंड मुक्ति मोर्चा का 45 वां स्थापना दिवस गुरुवार अर्थात 4 अप्रैल को हजारीबाग शहर के गांधी मैदान में मनाया जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है ।उक्त बातों की जानकारी झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया की स्थापना दिवस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, मैं कुदूश अंसारी, केंद्रीय सदस्य गोरहर से वासुदेव प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष महेश मांझी, राजाराम मांझी, मुस्ताक अंसारी, मीडिया प्रभारी चंद्रदीप पांडेय समेत दर्जनों कार्यकर्ता जुटे हुए हैं ।बताया कि प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा से एक साथ 5 सौ से अधिक कार्यकर्ता तथा समर्थक स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए सुबह ही रवाना होंगे। कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन होंगे। वहीं पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा ।कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है, जिसमें मंत्री के दर्जा प्राप्त फागु बेसरा, गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के अलावा कई केंद्रीय नेता शामिल होंगे। कहा कि लोगों में भाजपा के खिलाफ आक्रोश है। भाजपा के षड्यंत्र के तहत हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है। जिसे झारखंड की जनता माफ नहीं करेगी एवं आगामी चुनाव में सबक सिखाएगी।

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बानो प्रखंड क्षेत्र का किया दौरा



**बानो।** खूंटी संसद सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बानो प्रखंड के पाडो नौमील और सिकोरदा गांव का दौरा किया। ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए,केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पाड़ों निवासी भाजपा नेता मोहन सिंह के पत्नी के निधन की खबर जानकारी मिलने पर पाड़ों पहुंच कर शोक सात्वाना दिया। वहीं सिकोरदा में महेश सिंह के श्राध्दकर्म में पहुंच कर शोक संवेदना प्रकट किया। इसके अलावा नौमील में ग्रामीण से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया इस दौरान लोगों की समस्या से अवगत हुए। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह,कामेवर सिंह,जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक, अशोक इंदवार, अनुप साहु,पन्नालाल ओहदार ,मोहन महतो, अपने लोग उपस्थित थे संचालन विश्वनाथ बड़ाइक ने किया।

### ट्रक के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की मौके पर मौत

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 143 स्थित नवाटोली साहू पेट्रोल पंप के समीप ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना बुधवार की शाम की है मामले की जानकारी मिलने पर कोलेबिरा पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया। वहीं इसके अलावा मृतक के पास मिले मोबाइल फोन के माध्यम से मृतक के परिजनों को इसकी सूचना दी गई। शव की पहचान कोचेडेगा का निवासी के रूप में हुआ है। बताया जा रहा है की तीव्र गति में हुई टक्कर के बीच मृतक का मोटरसाइकिल ट्रक के नीचे फंसा हुआ है और ट्रक चालक घटना के बाद कुछ दूरी पर ट्रक को खड़ा कर मौके से फरार हो गया ,इधर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### ◆कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के समर्थन में यशवंत सिन्हा का मीडिया से संवाद, कहा

# यह चुनाव नहीं लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लेने का समय है



**◆लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो गठबंधन को जिताना ही होगा**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
राजनीति के भीष्म पितामह माने जाने वाले यशवंत सिन्हा बुधवार बुधवार को अपने आवास ऋषभ वाटिका में आईएनडीआई है गठबंधन के बैनर तले मीडिया कर्मियों से मुखातिब हुए। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए राजनीति को जीने वाले इंतजार कर रहे थे, कि शायद कोई बड़ा विस्फोट श्री सिन्हा करेंगे और हुआ भी ऐसा ही। उन्होंने एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार को आतताई करार देते हुए कहा कि वे यहां के संसाधनों पर कब्जा कर चुके हैं उन्हें रोकने के लिए जनता को उन्हें बेदखल करना जरूरी है। राजनीति का उद्देश्य जनसेवा होनी चाहिए। तानाशाही शासक के अंत का बिगुल बज चुका है। प्रेस वार्ता में गठबंधन के सभी नेताओं ने मंच साझा किया। विषय प्रवेश कराते हुए कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कराया। मौके पर राजद नेता गौतम सागर ने कहा कि यदि मोदी चुनाव जीतते हैं तो न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका एवं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर अपने अस्तित्व का खतरा बना रहेगा। झामुमो के कमल नयन सिंह ने श्री पटेल को सीधा समर्थन देने की बात करते हुए कहा कि जयप्रकाश भले हीं कांग्रेस के दत्तक पुत्र हैं लेकिन उनका वास्तविक पिता झामुमो ही है। प्रेस वार्ता में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि हजारीबाग के मतदाताओं को यह निर्णय लेना है की वे एक व्यवसाई को दिल्ली भेजेंगे या एक जमीन से जुड़े जनसेवक को। वहीं लोकसभा के आईएनडीआई के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने खम्म ठोकते हुए कहा कि इस बार चुनाव में कुछ अलग होगा। लोकतंत्र और संविधान को बचाना है तो गठबंधन को जिताना हीं होगा। प्रेस वार्ता में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी,बरही विधायक अकेला यादव,आप पार्टी के सच्चिदानंद पांडेय, राष्ट्रीय जनता दल से गौतम सागर राणा, माले के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, झामुमो के कमलनयन सिंह, मसास के मिथिलेश सिंह, कांग्रेस कार्यकर्ता मुन्ना सिंह समेत कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### डीटीओ ने पेट्रोल पंप संचालक व बस एसोसिएशन के सदस्यों के साथ की बैठक

**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर डीटीओ ओम प्रकाश यादव की अध्यक्षता में बुधवार को बस एसोसिएशन और पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव में उपयोग में आने वाले वाहनों और ईंधन आपूर्ति के लिए सहयोग की अपील की गई। डीटीओ के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष वाहनों का लॉग बुक और ईंधन की आपूर्ति ऑनलाइन माध्यम से होगा जिससे पूरी तरह से पारदर्शिता बनी रहेगी। मौके पर उन्होंने कहा कि सभी बसों को सूचीबद्ध करते हुए उसे सीजर काटकर उन पर नोटिस चिपका दिया जाएगा ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न नहीं होगी। इसके अलावा उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को कहा कि चुनाव के दौरान सभी पेट्रोल पंपों से ऑनलाइन प्रक्रिया के पश्चात ईंधन लेने का कार्य किया जाएगा और जिसका सभी लोग सहयोग करेंगे उन्होंने कहा कि जिले में 13 मई को शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने में सभी लोग सहयोग करेंगे ताकि लोकतंत्र का महापर्व संपन्न हो सके।

## न्यूज बॉक्स

### धूमधाम के साथ निकाली गई मंगलवारी जुलूस



**सिमडेगा।** मंगलवार की शाम विभिन्न अखाड़ों ने मंगलवारी जुलूस निकाला। मौके पर महावीर मंदिर में आरती की गयी।महावीर मंदिर के समक्ष विधि-विधान के साथ साथ झंडा झंड पूजन करते हुए बजरंगी पताका को अधिष्ठापित किया गया।इसके अलावा अखाड़ा स्थल पर नारियल फोड़ कर अखाड़ा की शुरूआत की गयी। विभिन्न अखाड़ा समिति से आये लोगों ने महावीर मंदिर के सामने डंका बजाते हुए रामनवमी का आगाज किया। श्रीरामजानकी मंदिर बाबा अखाड़ा के अध्यक्ष विष्णु शर्मा की अगुवाई में सदस्य महावीर चौक मंदिर पहुंचे। इसके बाद बजरंग बली की पूजा के बाद आरती की गयी. आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।मौके पर रामनवमी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सचिव संजय शर्मा, संरक्षक डीडी सिंह, श्यामलाल शर्मा, विक्रम ठाकुर, नरेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

### नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए कृषक मित्रों के साथ स्वीप कोषांग के पदाधिकारी की हुई बैठक



**सिमडेगा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी अरुणा कुमारी एवं प्रभारी पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा की संयुक्त अध्यक्षता में कृषक मित्र संग बैठक आयोजित की गई ।बैठक में स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने सभी कृषक मित्रों से कहा कि अपने क्षेत्र गांव मोहल्ले में जितने भी नवयुवक एवं युवती जिनका उम्र 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है उन सभी का फार्म- 6 भरवाते हुए अधिक से अधिक लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ें। उन्होंने स्मार्टफोन चलने वाले कृषक मित्रों से वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नए मतदाताओं का फॉर्म -6 भरने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने कृषक मित्रों से कहा कि नए मतदाताओं वोट करने संबंधी जानकारी देते हुए मतदान का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।मौके पर स्वीप सेल के पदाधिकारी गण एवं कृषक मित्र उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यालय की ओर से किया गया स्वागत



**बानो।** प्रखण्ड के रा प्रा विद्यालय जराकेल की छात्रा रूपा बड़ाईक के नयोदय विद्यालय के लिये वर्ग छः के प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर विद्यालय परिवार द्वारा माला पहना कर स्वागत किया।मौके पर बीआरपी घनश्याम साहू उपस्थित थे। इधर रामवि बानो के तीन बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय कोलेबिरा में हो गया है। राजकीय मध्य विद्यालय के प्रभारी शिक्षक स्मिथ कुमार सोनी ने बताया कि उनके विद्यालय से शुभम बड़ाईक ,सुधा कुमारी तथा उम्मे कुलसुम का चयन नवोदय विद्यालय में हो गया उनके चयन होने पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमला देवी ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। ?उन्होंने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने और देश की सेवा करने को कहा उम्मे कुलसुम को पूछने पर वह बोली कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। वहीं शुभम बड़ाईक ने कहा कि वह एक इंजीनियर बनकर देश की सेवा करना चाहता है। सुधा डॉक्टर बनना चाहती है। पूरे विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दिया।

### कांग्रेसी नेता ने एसएआर नियम उल्लंघन कर जमीन बेचने को लेकर उपायुक्त से की शिकायत



**सिमडेगा।** कांग्रेसी नेता दिलीप तिर्की ने जिला उपायुक्त से मुलाकात कर शहर के अंदर आदिवासियों की जमीन की हेरफेर करने का आरोप लगाकर आवेदन दिया। दिलीप ने आवेदन में कहा कि जिले में सीएनटी का उलंघन धड़ल्ले से हो रहा है। कोई गैर आदिवासी व्यक्ति आदिवासी की जमीन को रजिस्ट्री नही करा सकता लेकिन एसएआर के माध्यम से यहाँ लोग गलत तरीके से एकड़ में एसएआर करा कर उस जमीन की प्रकृति बदलकर उसे किसी भी गैर आदिवासी को रजिस्ट्री कर रहे हैं। जबकि यह सरासर नियम के विरुद्ध है। दिलीप ने यह भी कहा है कि एसएआर सिर्फ उन्हीं के लिए है जिनके पास रहने को कोई जगह नही एवं इसके माध्यम से 10 से 15 डिसमिल जमीन लिया जा सकता। जिसे एसएआर कराने वाला कभी बेच नही सकता। किंतु यहाँ ऐसे लोग एसएआर द्वारा जमीन धारक हैं। जो अच्छे व्यवसाय से जुड़े हैं एवं पहले से काफी जमीन और संपत्ति है। जो आज के वर्तमान समय मे उन एसएआर किये गए जमीनों को बेच रहे। दिलीप ने यह भी चर्चा में बताया कि किसी भी बच्चे की माता कौन है हम जानते हैं कि उस बच्चे का जन्म का आधार उसकी माता है, किन्तु इस एसएआर के प्रकरण में लगभग एसएआर आधार हीन है क्योकि न ही अंचल में न ही अनुमंडल कोई दस्तावेज हैं। जो कई सवाल उत्पन्न कर रहे हैं। इधर इस मामले में उपायुक्त ने जांच कर उचित कार्रवाई करने से संबंधित आश्वासन दिया है।

### दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति ने शहादत दिवस मनाया

**कोडरमा।** दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति ने साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में दो अप्रैल 2018 को भारत बंद के दौरान शहीद क्रांतिकारी बहुजन युवाओं को लेकर शहादत दिवस मनाया। इस दौरान शहीद युवाओं के चित्र पर पुष्प अर्पित की गयी। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी। दलित उत्पीड़न संघर्ष समिति के नेताओं ने कहा कि इन शहीद बहुजन युवाओं की शहादत कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहादत दिवस पर 14 अप्रैल को झुमरी तिलैया बाईपास में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। शहादत दिवस पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता समिति के जिलाध्यक्ष इंद्रदेव राम और संचालन जिला सचिव गणेश दास ने किया। मौके पर समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर, मनोज रजक, प्रेम प्रकाश, डॉ कैलाश प्रसाद, एमके दास, अशोक रजक आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन सिकंदर कुमार ने किया।

## गांधी क्लब सिमडेगा में 6 दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा ताइक्वांडो संघ के द्वारा गांधी क्लब, सिमडेगा में 6 दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया एवं एक दिन का बेल्ट परीक्षा आयोजित की गई। कार्यक्रम का समापन मंगलवार को किया गया जंहा सुबह 6:00 बजे से 10:00 बजे तक बेल्ट परीक्षा लिया गया। इस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अगुस्टीना सोरेंग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सह सिमडेगा ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक उपस्थित थे। 6 दिवसीय इस प्रशिक्षण में 29 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में पप्पू कुमार, गोविंद प्रधान, दयाराम मेहर, रितु रानी डुंगडुंग, भरत सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण में व्हाइट टू येलो में 18 बच्चे, येलो टू ग्रीन में 7 बच्चे, ग्रीन टू ब्लू में 2 बच्चे, ब्लू टू रेड में 1 बच्चे, रेड टू रेड वन में 1 बच्चे ने प्रशिक्षण प्राप्त की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा नुसरत खातून को सिल्वर मेडल बंगाल में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में प्राप्त करने हेतु सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि समाजसेवी अगुस्टीना सोरेंग ने कहा कि आपलोग जिस तरह से ताइक्वांडो प्रशिक्षण लेकर आगे बढ़ रहे हैं वह बहुत है बड़ी बात है।

### ◆ डीसी व एसपी ने लोकसभा आम चुनाव को लेकर की बैठक

# दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधा सुनिश्चत करें



नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों से संबंधित बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाओं को सुनिश्चित करने के अलावा मतदान केन्द्रों पर हेल्पडेस्क की सुविधा एवं 80+ उम्र एवं दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों को शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही मतदान केन्द्रों पर मतदान दिवस के दिन पेयजल, फर्नीचर, महिला व पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय, रैम्प, क्यु मैनेजमेंट के लिए वॉलिंटियर, दिव्यांग मतदाता के लिए व्हीलचेयर आदि जैसे न्युनतम सुविधाओं को दिये गये मापदण्डों के अनुरूप शत प्रतिशत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला पोलिंग बूथ एवं दो महिला पोलिंग बूथ पर उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो इस हेतु सभी सुविधाओं को बहाल सुनिश्चित कर लेने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी को महिलाओं के बूथों पर सुरक्षा को बेहतर रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने सभी पदाधिकारी को डिस्पैच सेंटर से लेकर कलस्टर एवं मतदान केंद्रों तक रूट मैप को अच्छे से तैयार करने का निर्देश दिया, प्रखंड मुख्यालय में पेट्रोल इमरजेंसी सेवा हेतु पेट्रोल पंप के मालिकों से बैठक करने का निर्देश दिया। साथ ही वाहन की खराबी की स्थिति में इमरजेंसी सेवा हेतु अपने क्षेत्र के गाड़ी बनाने वाले मैकेनिक की पहचान कर उसका मोबाइल नंबर लेने की बात कहीं।

## अवैध पत्थर लदा हुआ ट्रैक्टर को खनन विभाग ने किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
खनन विभाग सिमडेगा के द्वारा अवैध पत्थर के उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान कोलेबिरा थाना क्षेत्र के अघरमा पंचायत के टांगरटोली गांव के समीप एक ट्रैक्टर पर लदा लगभग 100 घनफीट पत्थर बोल्डर को पकड़ा गया।पत्थर खनिज को अवैध रूप से बिना परिवहन चालान के दूसरी जगह भेजा जा रहा था।खनन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने बताया गया कि सूचना मिली थी टांगरटोली गांव के आसपास अवैध पत्थर उत्खनन हो रही है।सूचना के आलोक में खनन विभाग की टीम जैसे ही टाँगरटोली गांव के पास पहुंची, ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर भाग गया।आसपास के ग्रामीणों से पता करने पर उन्होंने बताने से इनकार किया वही ट्रैक्टर में नंबर प्लेट लगा हुआ नही था। ट्रैक्टर को जब्त करते हुए थाने लाकर थाना को सुपुर्द करते हुए अवैध खनन का मामला दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दी गई है। इधर समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हो सका था मौके पर खनन निरीक्षक विश्वनाथ उरांव मौजूद थे।

### महिला कॉलेज सिमडेगा में माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

# चुनाव आयोग के नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने का आब्जर्वरों को दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेग**
अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो० इम्तियाज अहमद की मौजूदगी में महिला कॉलेज, सलडेगा में माइक्रो आब्जर्वर को लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में उन्हें बताया गया कि चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से संपन्न कराने में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पीपीटी के माध्यम से सभी को आगामी चुनाव से जुड़े उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में भलीभांति अवगत कराया गया। माइक्रो आब्जर्वर, जेनरल आब्जर्वर का प्रतिनिधि होता है जो बूथ में होने वाली गतिविधियों नियमानुसार हो रही है कि नहीं, अवलोकन करना, तथा सीधे जेनरल आब्जर्वर को रिपोर्ट करना होगा। बताया गया कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान केंद्र पर मतदान से संबंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया को सूक्ष्मता से ऑब्जर्व करेंगे। इसके अलावा चुनाव आयोग के निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन करने तथा सतर्कता के साथ निर्वाचन संबंधी प्रत्येक गतिविधियों पर पैनी नजर रखने हेतु विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर मो अली इमाम, सुगड़ बुढ़, तपेश्वर भगत एवं सुधाकर नाथ सहित अन्य उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ लेवल अधिकारी के साथ डीसी की बैठक संपन्न

**डोमचांच।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड सभागार में बूथ लेवल अधिकारी संग बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने वोटरों में नए मतदान केंद्र के संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया। बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, दिव्यांग मतदाताओं का आकलन, मतदाताओं का मतदाता सूची से सत्यापन, अनुपस्थित,शिफ्टेड, मृत मतदाता, मतदान केंद्रों पर वॉलिंटियर का चयन, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग, 80 साल से अधिक उम्र के मतदाता जो मतदान करने पर बिल्कुल असमर्थ हैं, उनके लिए वाहन की व्यवस्था के लिए आकलन आदि पर चर्चा की गई। डीसी ने सभी सुपरवाइजर और बीएलओ को सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे शौचालय, बिजली, पेयजल, पोलिंग पार्टियों को बैठने, रहने को स्थान, बेंच डेस्क,रनिंग वाटर आदि की व्यवस्था का पूरी तरह से आकलन करने का निर्देश दिया।

### ◆इस योजना का क्या नाम दूं, सोलर कहीं और स्ट्रक्चर कहीं और

# डाड़ी का पानी पीकर प्यास बुझा रहे हैं लोग





**आलोक कुमार साहू**
जलडेगा। वित्तीय वर्ष 2022-2023 में जब पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत गांव में पेयजल सुविधा बहाल करने के उद्देश्य से जलमीनार लगी तो लोगों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। खुशी इस बात की थी कि अब उन्हें शुद्ध पानी मिलेगा। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। स्कूल के पास संवेदक राजीव कुमार द्वारा लगा बिना सोलर का जलमीनार टंकी सिर्फ दिखावे की वस्तु बनकर रह गई है। निर्माण के उपरांत से अब तक उक्त गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। इसका मुख्य कारण निर्माण काम ठीक से नहीं होना और घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जाना है। लम्बोई पंचायत के करमापानी बागे टोली गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में लगी जल मीनार की तो कहानी ही अलग है यहां स्ट्रक्चर खड़ी की गई, सिंटेक्स भी लगाया गया लेकिन बिना किसी सुरक्षा घेरा के सोलर को कहीं और स्थापित किया गया। स्थानीय ग्रामीण रोशन बागे, मनसिद्ध बागे, मनोज बागे, हीरामनी बागे आदि ने बताया कि स्कूल वाला नल फेल हो गया है वहां पानी नहीं निकलने के कारण कहीं और बोरिंग कराया गया और उसी बोरिंग के पास सोलर को लगा दिया गया। हैरानी तो इस बात का है कि जिन ग्रामीणों के घरों के बाहर सोलर और बोरिंग हुआ है उनको पानी का एक बूंद तक नसीब नहीं होता। आज भी गांव के लोग स्कूल के पीछे खेत में बने एक डाड़ी से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। पानी सप्लाई के नाम पर महज 8 से 10 घरों तक मुश्किल से पानी पहुंचता है वो भी नाम मात्र का। इधर स्कूल की सहायक शिक्षिका सिलमनी डांग ने बताया की स्कूल का भोजन भी दाड़ी का पानी से बनता है और सारे बच्चे उसी दाड़ी का पानी को पीते हैं। विद्यालय परिसर में लगा जलमीनार सिर्फ दिखावा है।

**योजना एक रूप अनेक**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा बनाए जा रहे जलमिनार में संवेदकों की मनमानी देखने को बनती है जो संवेदक जैसे चाहे अपनी मर्जी से जलमीनार का रूप दे रहा है। पूरे प्रखंड में जलमीनार की रूप अलग अलग है। इसका कारण विभागीय मॉनिटरिंग की कमी है, विभाग के जेई एई साइड विजिट न के बराबर करते हैं जिसके कारण संवेदक अपनी मर्जी से योजना को निर्धारित समय सीमा के अंदर न बनाकर अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं।

## पुलिस ने यात्री बस से 10 किलो गांजा के साथ 3 लोग को गिरफ्तार कर जेल भेजा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
बांसजोर चेक पोस्ट के पास राउरकेला से सिमडेगा चलने वाली गुप्ता बस में अवैध गांजा के साथ 3 लोग को गिरफ्तार किया गया।जानकारी देते हुए प्रेस कांफ्रेंस में एसडीपीओ पवन कुमार ने बताया कि 2 मार्च को यात्री बस में एक युवक एवं युवती के द्वारा गांजा लेकर जा रहे थे जिसकी सूचना प्राप्त हुई वरीय पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में चेक पोस्ट में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को राउरकेला की ओर से आ रही गुप्ता बस को चेकिंग करने का निर्देश दिया गया। चेकिंग के कम में सभी बस यात्रियों से एक-एक करके पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान बस में मौजूद एक पुरूष एवं एक महिला के पास करीब 05 किलो अवैध गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों सुधीर कुमार सिंह बिहार निवासी एवं पश्चिम बंगाल निवासी पूवार्शा पॉल बताया। दोनों से गहराई से पूछताछ किया गया तो अतिरिक्त 05 किलो गांजा बस के सीट के नीचे छिपाकर रखे जाने की बात बताई। आरोपियों के इस बयान के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निदेर्शानुसार बस के सीटों के नीचे तलाशी लिया गया तो पाया कि एक सीट के नीचे पेशेवर तरीके से अतिरिक्त 05 किलो गांजा छिपाकर रखा गया है जिसे जप्त किया गया। इस तरह कुल 10 किलोग्राम गांजा जब्त हुआ है।

